आरक्षित निधियॉ	3,676.05[25]	164.80	3,840.85
प्रेषण	(–)236.66	(–)122.43	(–)359.09
योग–(iii)–अन्य दायित्व	**9,882.12[26]**	**(–)215.73**	**9,666.39**
योग–(ii)+(iii) ऋण एवं अन्य दायित्व	**54,990.03**	**13,762.99**	**68,753.02**
(iv) *घटाएं–रोकड़ शेष*	637.60	(–)316.88	320.72
(v) *घटाएं–निवेश*	6,156.69	5,787.64	11,944.33[27]
(vi) घटाएं– आकस्मिकता निधि को विनियोजन	..	..	..
योग–(i)+(ii)+(iii)–(iv)–(v)–(vi)+(vii) निधियों का निवल प्रावधान	**48,136.59 [28]**	**8,292.23**	**56,423.56(क)**

[22] सहकारी समितियों एवं बैंकों के ₹ 5.26 करोड़ के पूंजी निवृत्ति को विवरण को संतुलित करने हेतु सम्मिलित किया गया है।

[23] प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश से शेषों के प्रभाजन के कारण प्रारंभिक शेष में ₹ 2.50 करोड़ की वृद्धि की गई है।

[24] प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश से शेषों के प्रभाजन के कारण ₹ 2.28 करोड़ की वृद्धि की गई है।

[25] प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश से शेषों के प्रभाजन के कारण ₹ 27.27 करोड़ की वृद्धि की गई है।

[26] प्रारंभिक शेष में ₹ 29.55 करोड़ की वृद्धि की गई। कृपया पादटीप संख्या 24 एवं 25 देखें।

[27] रोकड़ शेष निवेश ₹ 9,759.02 करोड़ एवं उदिष्ट निधियों से निवेश ₹ 2,185.31 करोड़ सम्मिलित है।

[28] ₹ 32.05 करोड़ की वृद्धि की गई। कृपया अधिक जानकारी के लिए पादटीप संख्या 23, 24 एवं 25 देखें।

12. वर्ष 2018–19 के अन्त तक निधियों के स्रोतों और अनुप्रयोग (राजस्व खाते से भिन्न) का विवरण–जारी

(क) ₹ 5.26 करोड़ की पूंजी निवृत्ति के समायोजन के कारण ₹ 56,428.82 करोड़ (₹ 48,136.59 करोड़ (+) ₹ 8,292.23 करोड़) से ₹ 5.26 करोड़ का अंतर है। 31 मार्च 2019 तक निवल पूंजीगत और अन्य व्यय (₹ 85,865.49 करोड़) तथा निधियों का निवल प्रावधान (₹ 56,423.56 करोड़) के मध्य ₹ 29,441.93 करोड़ का अन्तर है, जिसे निम्नानुसार स्पष्ट किया गया है :–

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	विवरण	राशि
1.	वर्ष 2000–01 से 2018–19 तक संचयी राजस्व आधिक्य	27,739.81
2.	सामान्य भविष्य निधि शेष इत्यादि से संबंधित वर्ष 2000–01 से 2018–19 तक मध्य प्रदेश से प्रोफार्मा स्थानान्तरण का निवल प्रभाव	(–)2,910.34
3.	जोडे–वर्ष 2011–12 के दौरान शीर्ष 8229–200 में पंचायत एवं भू राजस्व अधिभार तथा स्टाम्प डयूटी निधि में वर्ष 2006–07 से 2010–11 के मध्य किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति के कारण प्रोफार्मा कमी	118.00
4.	जोडे–प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश से अंशपूंजी के प्रोफार्मा स्थानांतरण के कारण पूंजीगत व्यय के ''कृषि एवं सम्बद्ध कार्यकलाप'' उप क्षेत्र में प्रोफार्मा वृद्धि	
	छत्तीसगढ़ वन विकास निगम (2012–13)	6.55
	छत्तीसगढ़ राज्य भाण्डागार निगम (2017–18)	1.52
5.	जोडे–वर्ष 2013–14 के दौरान प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य वन उत्पाद संघ के ऋणों के प्रोफार्मा स्थानांतरण के कारण ऋण के ''कृषि एवं सम्बद्ध कार्यकलाप'' उप क्षेत्र में प्रोफार्मा वृद्धि	0.06
6.	घटाएं–वर्ष 2012–13 के दौरान पूंजीगत व्यय के उप क्षेत्र ''ऊर्जा'' में त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के सुधार के कारण प्रोफार्मा कमी	0.03
7.	जोडे–वर्ष 2015–16 के दौरान निम्नलिखित मुख्य शीर्ष के पूंजीगत व्यय में प्रोफार्मा वृद्धि	
	मुख्य शीर्ष 4055–छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के ऋणों को पूंजीगत व्यय में समायोजन	10.57
	वर्ष 2015–16 में मुख्य शीर्ष 4055–छत्तीसगढ़ पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान को अंशपूंजी निवेश में समायोजन	2.00
	वर्ष 2015–16 एवं 2018–19 में मुख्य शीर्ष 4801–छत्तीसगढ़ राज्य पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड़ द्वारा जारी शेयर सर्टिफिकेट्स को राज्य शासन के अंशपूंजी में समायोजन	4,475.90
8.	मुख्य शीर्ष 5054–प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश द्वारा अविभाजित अवधि से संबंधित व्यय के स्थानांतरण के कारण	12.83
9.	मुख्य शीर्ष 4225–वर्ष 2017–18 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य अत्यांवसायी वित्त एवं विकास निगम के ऋण को अंशपूंजी में समायोजन	0.50
10.	मुख्य शीर्ष 4217–वर्ष 2017–18 के दौरान नया रायपुर विकास प्राधिकरण के ऋण को पूंजीगत व्यय में समायोजन	438.00
11.	वर्ष 2018–19 के दौरान मुख्यशीर्ष 4408 से 6408 में छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ के संबंधित व्यय का प्रोफार्मा अंतरण	(–)2.47

12. वर्ष 2018–19 के अन्त तक निधियों के स्रोतों और अनुप्रयोग (राजस्व खाते से भिन्न) का विवरण–जारी

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	विवरण	राशि
12.	वर्ष 2018–19 के दौरान मुख्यशीर्ष 4408 से 6408 में छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ के संबंधित पुनर्भुगतान का प्रोफार्मा अंतरण	0.35
13.	घटाएं–वर्ष 2015–16 एवं 2017–18 के दौरान ''ऋण एवं अग्रिम'' उप क्षेत्र में त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के सुधार के कारण प्रोफार्मा कमी	
	मुख्य शीर्ष 6216–ऋणों को पूंजीगत व्यय में रूपान्तरण (2015–16)	10.57
	मुख्य शीर्ष 6425–ऋणों को अनुदानों में रूपान्तरण (2015–16)	10.51
	मुख्य शीर्ष 6852–ऋणों को अनुदानों में रूपान्तरण (2015–16)	22.96
	मुख्य शीर्ष 6217–ऋणों को पूंजीगत व्यय में रूपान्तरण (2017–18)	438.00
	मुख्य शीर्ष 6225–ऋणों को अंशपूंजी में रूपान्तरण (2017–18)	0.50
14.	जोडे– वर्ष 2018–19 के दौरान मुख्यशीर्ष 4408 से 6408 में छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ के संबंधित व्यय एवं पुनर्भुगतान का प्रोफार्मा अंतरण	2.12
15.	जोडे–वर्ष 2012–13 के दौरान ऋण एवं अग्रिम के उप क्षेत्र ''ऊर्जा'' में त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के सुधार के कारण प्रोफार्मा वृद्धि	0.03
16.	जोडे–वर्ष 2017–18 के दौरान ऋण एवं अग्रिम के उप क्षेत्र ''कृषि एवं सम्बद्ध कार्यकलाप'' में त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के सुधार के कारण प्रोफार्मा वृद्धि	0.06
17.	घटाएं–वर्ष 2012–13 के दौरान ऋण एवं अग्रिम के ''शिक्षा खेल, कला एवं संस्कृति'' उप क्षेत्र में त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के सुधार के कारण प्रोफार्मा कमी	4.00
18.	जोडे–प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश से ऋण राशि प्राप्त होने के कारण मुख्य शीर्ष 7610 के अन्तर्गत में प्रोफार्मा वृद्धि	
	2009–10	0.82
	2011–12	0.36
	2016–17	10.21
	2017–18	6.74
19.	घटाएं–वर्ष 2008–09 तक आकस्मिकता निधि का मुख्य निधियों के अनुप्रयोग के अन्तर्गत त्रुटीपूर्ण दर्शाया जाना	40.00
20.	घटायें–वर्ष 2018–19 तक शासकीय लेखे को बंद राशि	152.56
21.	घटायें–वर्ष 2000–01 से 2018–19 तक प्रगामी अन्तर्राज्यीय समाशोधन	26.10
22.	घटायें–त्र–वर्ष 2016–17 के दौरान आरक्षित निधि के अन्तर्गत राज्य आपदा उन्मोचन निधि से संबंधित व्यय के प्रतिपूर्ति के कारण प्रोफार्मा कमी	(–)278.65
23.	घटायें–त्र–वर्ष 2017–18 के दौरान आरक्षित निधि के अन्तर्गत अधोसंरचना विकास उपकर निधि से संबंधित व्यय के प्रतिपूर्ति प्रोफार्मा कमी के कारण	(–)14.90
24.	घटायें–ट–जमा तथा अग्रिम अन्तर्गत पूर्णांक में सुधार के कारण प्रोफार्मा कमी	0.01
25.	घटायें–वर्ष 2016–17 आकस्मिकता निधि को विनियोजन	60.00
	योग	**29,441.93**

12. वर्ष 2018–19 के अन्त तक निधियों के स्रोतों और अनुप्रयोग (राजस्व खाते से भिन्न) का विवरण–जारी

वर्ष 2018–19 में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन की सहमति से प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), मध्य प्रदेश द्वारा ₹ 1,876.11 करोड का पूंजीगत व्यय एवं ऋण एवं अग्रिम शेषों के प्रभाजित किया गया। प्रभाजित राशि का मुख्यशीर्षवार विवरण निम्नलिखित है :

पूंजीगत व्यय का प्रभाजन का विवरण

(₹ करोड़ में)

लेखा शीर्ष	वर्ष 2018–19 में छत्तीसगढ़ को प्रभाजित राशि
क–सामान्य सेवायें	
अन्य सामान्य सेवायें	2.74
लोक निर्माण कार्य	4.72
योग–क–सामान्य सेवायें	**7.46**
ख–सामाजिक सेवाएं	
शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति	95.63
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण	23.73
जल पूर्ति, सफाई, आवास तथा शहरी विकास	46.20
सूचना तथा प्रसारण	0.84
अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछडे वर्गों का कल्याण	141.62
समाज कल्याण तथा पोषण	61.26
अन्य सामाजिक सेवाएं	3.73
योग–ख–सामाजिक सेवाएं	**373.01**
ग–आर्थिक सेवाएं	
कृषि एवं सम्बद्ध क्रियाकलाप	179.53
ग्राम विकास	189.99
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	603.90
ऊर्जा	21.73
उद्योग एवं खनिज	74.29
परिवहन	69.72
संचार	0.00
विज्ञान प्रोद्योगिकी तथा पर्यावरण	0.00
सामान्य आर्थिक सेवाएं	11.12
योग–ग–आर्थिक सेवाएं	**1,150.28**
महायोग	**1,530.75**
ऋण एवं अग्रिम का प्रभाजन का विवरण	
क–सामान्य सेवायें	
विविध सामान्य सेवायें	0.00
योग–क–सामान्य सेवायें	**0.00**
ख–सामाजिक सेवाएं	
शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति के लिए ऋण	0.00
स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण के लिए ऋण	0.00
जल पूर्ति, सफाई, आवास तथा शहरी विकास	44.72
अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछडे वर्गों का कल्याण	0.15
समाज कल्याण तथा पोषण	0.00
अन्य सामाजिक सेवाएं	0.00
योग–ख–सामाजिक सेवाएं	**44.87**

12. वर्ष 2018–19 के अन्त तक निधियों के स्रोतों और अनुप्रयोग (राजस्व खाते से भिन्न) का विवरण–समाप्त

(₹ करोड़ में)

लेखा शीर्ष	वर्ष 2018–19 में छत्तीसगढ़ को प्रभाजित राशि
ग–आर्थिक सेवाएं	
कृषि एवं सम्बद्ध क्रियाकलाप	21.56
ग्राम विकास	0.00
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	0.00
ऊर्जा	271.75
उद्योग एवं खनिज	0.98
परिवहन	6.17
सामान्य आर्थिक सेवाएं	0.03
सरकारी कर्मचारियों को ऋण	0.00
योग–ग–आर्थिक सेवाएं	**300.49**
योग–ऋण एवं अग्रिम	**345.36**
महायोग	**1,876.11**

13. समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अन्तर्गत शेषों का सारांश

क – 31 मार्च 2019 को शेष का सारांश निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

नामे शेष	सामान्य लेखे का क्षेत्र	लेखे का नाम	जमा शेष
		समेकित निधि	
54,890.22	**क से घ, छ, ज और ठ का भाग (मु.शीर्ष 8680 केवल)**	सरकारी लेखे	..
..	**ड.**	लोक ऋण	52,254.22
1,597.75	**च**	कर्जे और पेशगियां	**..**
		आकस्मिकता निधि	
..		आकस्मिकता निधि	95.08
		लोक लेखा	
..	**झ**	अल्प बचतें, भविष्य निधियॉ इत्यादि	6,832.41
	ञ	**आरक्षित निधियॉ**	
..		(i) ब्याज वाली आरक्षित निधियॉ	400.70
..		(ii) बिना ब्याज वाली आरक्षित निधिया	3,440.15
		सकल शेष	**3,840.85**
2,185.31		**निवेश**	..
	ट	**जमा और पेशगियॉ**	
..		ब्याज वाली जमा	42.90
..		बिना ब्याज वाली जमा	5,964.44
1.74		पेशगियां	..
	ठ	**उचन्त और विविध**	
9,759.02		निवेश	..
..		अन्य मदे	83.95
359.09	**ड**	**प्रेषण**	**..**
320.72	**ढ**	**रोकड़ शेष**	..
69,113.85		**योग**	**69,113.85**

13. समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अन्तर्गत शेषों का सारांश–जारी

मार्च 2019 के लेखा समाप्ति के उपरांत लेखे में दर्शाए गए ₹ 320.72 करोड़ (नामे) तथा भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा सूचित किये गए 'रिजर्व बैंक के पास जमा' का रोकड़ शेष ₹ 81.15 करोड़ (नामे) के मध्य निवल ₹ 401.87 करोड़ (नामे) का अंतर है, जिसे रोकड़ शेष में सम्मिलित किया गया है। अन्तर समाधानाधीन है।

ख **सरकारी लेखा –** सरकारी लेखाओं में बही खाता रखने के सिद्धान्त के अनुपालन में राजस्व, पूंजीगत शीर्षो और सरकार के अन्य लेन–देनों के अन्तर्गत अंकित की गई राशियां जिनके शेष वर्षानुवर्ष लेखाओं में आगे नही ले जाए जाते, उन्हे एक शीर्ष में बंद किए जाते हैं जिसे ''सरकारी लेखा'' कहा जाता है। इस शीर्ष के अंतर्गत जो शेष होता है वह सभी लेन–देनों का संचयी परिणाम को प्रदर्शित करता है।

इस शेष में लोक ऋण, ऋण एवं अग्रिम, अल्प बचतें, भविष्य निधि, आरक्षित निधियां, जमा और पेशगियां, उचंत और विविध (विविध सरकारी लेखे के अतिरिक्त), प्रेषण और आकस्मिकता निधि इत्यादि के शेषों को जोड़ा जाता है तथा वर्ष के अन्त में अंतिम रोकड़ शेष निकाला और सिद्ध किया गया है।

इस सारांश के अन्य शीर्षकों में सरकारी बहियों के उन समस्त लेखा शीर्षों के अन्तर्गत आनेवाली शेष राशियों का परिकलन किया जाता है जिनके सम्बन्ध में प्राप्त धन को वापस करने की देयता या दी गई राशि को वसूल करने का अधिकार सरकार का होता है तथा साथ ही प्रेषण लेन देनों के समायोजन के लिए बहियों में खोले गए लेखा शीर्ष भी सम्मिलित हैं।

यह समझ लेना चाहिये कि इन शेष राशियों को सरकार की वित्तीय स्थिति का पूरा लेखा जोखा नही माना जा सकता क्योंकि इसके हिसाब से न तो राज्य की समस्त भौतिक परिसंपत्तिया जैसे भूमि, भवन, संचार के साधन आदि सम्मिलित होते है और न ही उपार्जित देय राशियां या बकाया देयताये जिन्हे सरकार द्वारा अनुसरण की जा रही नगद आधार की लेखाविधि के कारण हिसाब में सम्मिलित नही किया जाता।

वर्ष के अंत में शासकीय लेखे के नामे में निवल राशि निम्नानुसार संगणित की गई है :

(₹ करोड़ में)

नामे	विवरण		जमा
46,676.11	**क**	1 अप्रैल 2018 को सरकारी लेखे का नामे शेष	..
..	**ख**	प्राप्ति शीर्ष (राजस्व लेखा)	65,094.93
..	**ग**	प्राप्ति शीर्ष (पूंजीगत लेखा)	5.26
64,411.17	**घ**	व्यय शीर्ष (राजस्व लेखा)	..
8,903.45	**ड.**	व्यय शीर्ष (पूंजीगत लेखा)	..
	च	उचंत तथा विविध (विविध शासकीय लेखा)	..
0.25	**छ**	अन्तराज्यीय परिशोधन	0.57
..	**ज**	आकस्मिकता निधि को विनियोजन	..
..	**झ**	31 मार्च 2019 को शासकीय लेखे में नामे राशि	54,890.22
1,19,990.98	**योग**		**1,19,990.98**

13. समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अन्तर्गत शेषों का सारांश–जारी

1 अप्रैल 2018 को प्रारंभिक शेष ₹ 46,676.11 करोड़ (नामे) को पूर्व वर्ष के अंत शेष ₹ 46,991.54 करोड़ (जमा) से ₹ 315.43 करोड़ (जमा) के प्रोफार्मा समायोजन/सुधार के फलस्वरूप कमी की गई, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

शीर्ष जिसके 1 अप्रैल 2018 के प्रारम्भिक शेष में परिवर्तन किया गया			जमा शेष वृद्धि (+)/कमी (–)	नामे शेष वृद्धि (+)/कमी (–)
च–कर्ज तथा अग्रिम				
6216	**आवास के लिए कर्ज–**			
02	***शहरी आवास***			
201	आवास बोर्ड के लिए कर्ज–		..	(+)17.28
03	***ग्रामीण आवास***			
201	आवास बोर्ड को कर्ज–		..	(+)0.31
80	***सामान्य***			
190	सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज		..	(+)1.40
201	आवास बोर्ड को कर्ज–		..	(+)25.73
	योग–6216		..	**(+)44.72**
6225	**अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो तथा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिये कर्ज–**			
03	***पिछड़े वर्गो का कल्याण–***			
800	अन्य कर्जे		..	(+)0.15
	योग–6225		**..**	**(+)0.15**
6401	**फसल कृषि–कर्म के लिए कर्ज–**			
190	सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज		..	(+)0.71
800	अन्य कर्जे		..	(+)6.93
	योग–6401		**..**	**(+)7.64**
6406	**वानिकी तथा वन्य जीवन के लिए कर्ज**			
104	वानिकी		..	(+)12.75
	योग–6406		**..**	**(+)12.75**
6408	**खाद्य भण्डारण तथा भाण्डागार के लिये कर्ज–**			
195	सहकारिता के लिये कर्ज–	प्रभाजित राशि	..	(+)1.00
		मुशी.4408 एवं 4425 से प्रोफार्मा अंतरण	..	(+)2.12
794	जनजाति क्षेत्र उपयोजना के लिये विशेष केन्द्रीय सहायता		..	(+)0.06
	योग–6408		**..**	**(+)3.18**
6425	**सहकारिता के लिए कर्जे**			
800	अन्य कर्जे		..	(+)0.11
	योग–6425		..	**(+)0.11**
6801	**बिजली परियोजनाओं के लिये कर्ज–**			
190	सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज		..	(+)21.38
205	संचरण तथा वितरण		..	(+)19.92
796	जनजाति क्षेत्र उप–योजना–		..	(+)106.87

13. समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अन्तर्गत शेषों का सारांश–समाप्त

शीर्ष जिसके 1 अप्रैल 2018 के प्रारम्भिक शेष में परिवर्तन किया गया		जमा शेष वृद्धि (+)/कमी (–)	नामे शेष वृद्धि (+)/कमी (–)
च–कर्ज तथा अग्रिम–समाप्त			
6801	**बिजली परियोजनाओं के लिये कर्ज–समाप्त**		
800	विद्युत मण्डल के लिए अन्य कर्ज–	..	(+)123.58
	योग–6801	**..**	**(+)271.75**
6860	**उपभोक्ता उद्योगों के लिये कर्ज–**		
01	***वस्त्र उद्योग–***		
190	सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज	..	(+)0.98
	योग–6860	**..**	**(+)0.98**
7055	**सड़क परिवहन के लिए कर्ज–**		
101	सड़क परिवहन निगम को स्थायी ऋण	..	(+)6.17
	योग–7055	**..**	**(+)6.17**
7452	**पर्यटन के लिये कर्ज–**		
01	***पर्यटन अधोसंरचना–***		
101	पर्यटक केन्द्र	..	(+)0.00
796	जनजाति क्षेत्र उप योजना–	..	(+)0.02
	योग–7452	**..**	**(+)0.02**
7465	**सामान्य वित्तीय तथा व्यापारिक संस्थाओं के लिए कर्ज**		
101	सामान्य वित्तीय संस्थाएं	..	(+)0.01
	योग–7465	**..**	**(+)0.01**
	योग–च	..	**(+)347.48**
झ–लघु बचत, भविष्य निधि आदि			
8011	**बीमा तथा पेंशन निधि–**		
107	राज्य सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना	(+)2.50	..
	योग–8011– बीमा तथा पेंशन निधि	**(+)2.50**	**..**
	झ–लघु बचत, भविष्य निधि आदि	**(+)2.50**	**..**
ञ	**आरक्षित निधि**		
8121	**सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां**		
122	राज्य आपदा उन्मोचन निधि	(+)27.27	..
योग–8121–सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां		**(+)27.27**	**..**
योग–ञ		**(+)27.27**	**..**
ठ	**उचंत तथा विविध–**		
8658	**उचंत लेखा–**		
112	स्त्रोत पर कर कटौती उचंत	(+)3.82	..
113	भविष्य निधि उचंत	..	(+)1.54
	योग–8658	**(+)3.82**	**(+)1.54**
	योग–ठ	**(+)3.82**	**(+)1.54**
योग		**(+)33.59**	**(+)349.02**
निवल		**(–)315.43**	

लेखाओं के लिए टिप्पणियाँ

1. <u>विशिष्ट लेखाकरण पद्धति का सारांश</u> –

(i) विद्यमानता एवं लेखाकरण अवधि : यह लेखे छत्तीसगढ़ शासन के 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक के संव्यवहारों को प्रदर्शित करता है। छत्तीसगढ़ शासन के प्राप्ति एवं व्यय के लेखों को राज्य के 28 कोषालयों, 53 लोक निर्माण संभागों, 62 सिंचाई संभागों, 36 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभागों, 53 वन संभागों, 29 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों, 33 ग्रामीण विकास संभागों, चार सड़क विकास संभागों द्वारा प्रस्तुत प्राथमिक लेखे तथा भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त समायोजन सूचनाओं से संकलित किया गया है। कोषालयों एवं संभागो से लेखाओं का प्रेषण संतोषप्रद था एवं वर्षान्त तक सभी लेखे सम्मिलित किए गए हैं।

(ii) लेखाकरण का आधार : यह लेखे कतिपय पुस्तकीय समायोजनों **(अनुलग्नक–क),** ''निरंक भुगतान'' प्रमाणकों, एवं ''स्रोत पर'' कटौत्रे जैसे सामान्य भविष्य निधि, गृह निर्माण अग्रिम आदि को छोडकर, लेखा अवधि में वास्तविक रोकड़ प्राप्ति एवं संवितरण को प्रदर्शित करते है। भौतिक तथा वित्तीय संपत्तियां जैसे शासकीय निवेश का मूल्य ऐतिहासिक लागत पर दर्शाया जाता है अर्थात अधिग्रहण/क्रय वर्ष के मूल्य पर। भौतिक सम्पत्ति का मूल्यहास या परिशोधन नहीं होता है। भौतिक सम्पतियों के जीवनकाल में हुई क्षतियों को समाप्त या मान्य नहीं किया जाता है। लेखाकरण अवधि में भुगतान किए गए सेवानिवृत्ति लाभों को लेखाओं में दर्शाया जाता हैं, किन्तु सरकार के भविष्य के पेंशन दायित्वों जैसे कि अपने कर्मचारियों के वर्तमान तथा पूर्व सेवाओं के लिए सेवानिवृत्ति हितलाभ को लेखे में शामिल नहीं किया गया है।

(iii) मुद्रा जिसमें लेखे रखे जाते है : छत्तीसगढ़ शासन के लेखे भारतीय रूपए में संधारित किए जाते हैं।

(iv) लेखाओं का प्रारूप : संविधान के अनुच्छेद 150 के अंतर्गत, संघ तथा राज्यों के लेखे को ऐसे प्रारूप में रखा जाता है जो राष्ट्रपति द्वारा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के परामर्श से निर्धारित किया जाता है। अनुच्छेद 150 में शब्द ''प्रारूप'' का व्यापक अर्थ है, जो लेखे को रखे जाने वाले विस्तृत स्वरूप का निर्धारण ही नहीं बल्कि लेन देनों के वर्गीकरण हेतु उचित शीर्षो के चयन के आधार के लिए भी व्यवहृत होता है।

(v) राजस्व एवं पूंजीगत व्यय के मध्य वर्गीकरण : राजस्व व्यय एक आवर्ती स्वरूप का व्यय है जिसे राजस्व प्राप्तियों से ही पूर्ति किया जाना है। पूंजीगत व्यय को स्थायी प्रकार की सम्पत्तियों की बढोत्तरी के उद्देश्य से किये गये व्यय के रूप में परिभाषित किया गया है। भारत शासन लेखांकन मानक–2 के अनुसार, पूंजीगत संपत्तियों के निर्माण हेतु सहायता अनुदान के व्यय को, बिना महालेखाकार की सलाह पर राज्यपाल द्वारा विशेषतः अधिकृत किये बिना, पूंजीगत व्यय को नामे नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, वर्ष 2018–19 के दौरान राज्य शासन ने बजट प्रावधान कर ₹ 1,998.74 करोड़ के व्यय को महालेखाकार की सहमति प्राप्त किये बिना पूंजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण पर सहायता के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, कार्यालय व्यय (₹ 0.85 करोड़), व्यवसायिक सेवाएं (₹ 3.95 करोड़) एवं अनुरक्षण व्यय (₹ 0.21 करोड़) कुल ₹ 5.01 करोड़ राजस्व व्यय के स्थान पर पूंजीगत व्यय के अंतर्गत दर्ज किये गये है। **(अनुलग्नक–ख (i) से ख (iv)**

2. <u>लेखाओं की गुणवत्ता</u> :

(i) वस्तु एवं सेवा कर–

(क) अन्य लघु शीर्षो को अंतरण के लिए प्रतीक्षित प्राप्तियां : वस्तु एवं सेवा कर 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया। रायपुर सिटी कोषालय को वस्तु एवं सेवा कर के संबंध में चालान आइडेन्टीफिकेशन नंबर डेटा (सी.आई. एन.) (पेड चालान विवरण) दो स्त्रोत से प्राप्त होता है, गुड्स एवं सर्विसेस टैक्स नेटवर्क (जी.एस.टी.एन.) एवं रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (आर.बी.आई.)। जी.एस.टी.एन. से प्राप्त चालानों के विवरण में लघुशीर्ष वार विवरण शामिल होते है, जबकि आर.बी.आई. से केवल मुख्यशीर्ष वार आंकड़े प्राप्त हुए है। वर्ष 2018–19 के दौरान, जी.एस.टी.एन. के द्वारा वर्ष 2018–19 की लेखाबंदी तक ₹ 4.44 करोड़ का सी.आई.एन. विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

परिणामस्वरूप यह राशि मुख्यशीर्ष 0006–राज्य वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत लघुशीर्ष 500–''अन्य लघु शीर्षो को अंतरण के लिए प्रतीक्षित प्राप्तियां'' में दर्ज रही। कुछ प्रकरणों में सी.आई.एन. डेटा जी.एस.टी.एन. से प्राप्त हुआ है किन्तु आर.बी.आई. से नहीं। चूंकि शासकीय लेखे नकद आधार पर रखे जाते है, अतः ₹ 0.02 करोड़ की प्राप्तियां छत्तीसगढ़ शासन के लेखों में जमा नहीं हुई है।

(ख) अग्रिम विभाजन एवं अविभाजित एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (आई.जी.एस.टी.) का अंतरण : वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी संस्वीकृति आदेश के अनुसार वर्ष 2017–18 में प्राप्त आई.जी.एस.टी. के अग्रिम विभाजन के ₹ 322.00 करोड़ के विरूद्ध ₹ 64.40 करोड़ समायोजित[1] की गई तथा चौदहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर ₹ 462.00 करोड़ की राशि छत्तीसगढ़ शासन को समनुदेशित किया जाना बताया गया।

(ii) लघुशीर्ष 800–'अन्य व्यय' एवं 'अन्य प्राप्तियॉं' के अन्तर्गत दर्ज राशि : लघुशीर्ष 800–अन्य व्यय/अन्य प्राप्तियॉं में राशियॉं केवल तभी दर्ज की जानी चाहिए जब लेखाओं में समुचित लघुशीर्ष उपलब्ध नहीं होवे। सामान्यतः लघुशीर्ष 800 का नियमित परिचालन हतोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि, इससे लेखाओं में पारदर्शिता नहीं होती है। वर्ष के दौरान 44 राजस्व प्राप्ति शीर्षो में ₹ 2,749.90 करोड़ तथा 47 व्यय शीर्षो में ₹ 1,033.96 करोड़ लघुशीर्ष 800 अन्य प्राप्ति/व्यय में वर्गीकृत किये गये जो राज्य शासन की कुल राजस्व प्राप्ति (₹ 65,094.93 करोड़) का 4.22 *प्रतिशत* तथा कुल व्यय ₹ 73,314.62 करोड़ (राजस्व एवं पूंजीगत) का 1.41 *प्रतिशत* था। ऐसे प्रकरण जहॉं व्यय एवं प्राप्तियों का अधिकांश भाग (10 *प्रतिशत* या अधिक) लघुशीर्ष 800–अन्य व्यय/प्राप्ति में वर्गीकृत किया गया है, क्रमशः **अनुलग्नक–(ग) एवं (घ)** में सूचीबद्व है।

(iii) बजट नियंत्रण अधिकारियों (बी.सी.ओ.) एवं महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के मध्य प्राप्तियों एवं व्यय का पुनर्मिलान : व्यय पर प्रभावी नियंत्रण, बजट की परिसीमा में रखने एवं लेखाओं की शुद्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी बजट नियंत्रण अधिकारियों के लिए आवश्यक है कि उनके पुस्तको में दर्ज सरकार की प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ो का महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा लेखांकित आंकड़ो से पुनर्मिलान करें। वर्ष में, 94 बजट नियंत्रण अधिकारियों में से 44 बजट नियंत्रण अधिकारियों ने पूर्ण रूप से एवं 20 बजट नियंत्रण अधिकारियों ने आंशिक रूप से ₹ 42,232.60 करोड़ (कुल समेकित निधि के व्यय ₹ 74,701.20 करोड़ का 56.54 *प्रतिशत*) का व्यय का पुनर्मिलान किया। इसी प्रकार प्राप्ति पक्ष में, 40 बजट नियत्रंण अधिकारियों में से 13 बजट नियंत्रण अधिकारियों ने पूर्ण रूप से एवं इतने ही बजट नियंत्रण अधिकारियों ने आंशिक रूप से कुल ₹ 26,157.33 करोड़ (कुल समेकित निधि के प्राप्तियों ₹ 79,633.18 करोड़ का 32.85 *प्रतिशत*) के प्राप्तियों का पुनर्मिलान किया। प्राप्तियों एवं व्यय का पुनर्मिलान नहीं किये जाने के कारण लेखों की परिशुद्धता एवं परिपूर्णता प्रभावित होती है।

(iv) रोकड़ शेष का पुनर्मिलान : दिनांक 31 मार्च 2019 की स्थिति में, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ के अभिलेखानुसार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिवेदित रोकड़ शेष के मध्य ₹ 401.87 करोड़ (नामे)[2] का निवल अंतर है। यह अंतर मुख्यतः नौ बैंकों[3] द्वारा पेंशन राशि ₹ 399.82 करोड़ के भुगतान के कारण है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिवेदित शेष में शामिल किया गया किन्तु ट्रेजरी के लेखों में शामिल नहीं किया गया।

---

[1] वित्त विभाग, भारत सरकार के पत्र दिनांक 25 फरवरी 2018 के अनुसार, ₹ 322.00 करोड़ की राशि आई.जी.एस.टी. के अनअंतिम/अग्रिम विभाजन के रूप में निर्गत की गई तथा यह उल्लेख किया गया था कि यह राशि माह अप्रैल 2018 से जनवरी 2019 के मध्य 10 समान मासिक किस्तों में समायोजित किया जायेगा। वर्ष 2018–19 के दौरान कुल ₹ 64.40 करोड़ (अप्रैल 2018–₹ 32.20 करोड़ एवं मई 2018–₹ 32.20 करोड़) की वसूली की गई।

[2] जुलाई 2019 के अंत तक ₹ 401.16 करोड़ (नामे) का अंतर था।

[3] बैंक ऑफ इण्डिया (₹ 83.76 करोड़), सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया (₹ 104.64 करोड़),यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया (₹ 15.67 करोड़), पंजाब नैशनल बैंक (₹ 39.17 करोड़), देना बैंक (₹ 85.51 करोड़), ओरियण्टल बैंक ऑफ कामर्स (₹ 3.99 करोड़), यूको बैंक (₹ 18.10 करोड़), बैंक ऑफ महाराष्ट्र (₹ 7.08 करोड़) तथा इलाहाबाद बैंक (₹ 37.90 करोड़)।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

(v) असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक (ए.सी.) देयक : तत्काल किये जाने वाले व्यय, जिसका विवरण तत्समय उपलब्ध नहीं है, ऐसे व्यय हेतु आहरण एवं संवितरण अधिकारी संक्षिप्त आकस्मिक देयक के माध्यम से सेवाशीर्ष में नामे कर धनराशि आहरित करने हेतु प्राधिकृत है एवं उनके द्वारा ऐसे समस्त प्रकरणों के विस्तृत देयक (व्यय के समस्त प्रमाणकों सहित) प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कोषालय संहिता के सहायक नियम 327 के प्रावधानानुसार ऐसे समस्त मामले में विस्तृत आकस्मिक देयक (डी.सी. बिल) आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा इस तरह प्रेषित किया जाना चाहिए कि जिस माह से आकस्मिक देयक का आहरण संबंधित है, उसके अगले माह की 25 तारीख तक महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय पहुॅंच जावें। संक्षिप्त आकस्मिक देयको से संबंधित विस्तृत आकस्मिक देयक प्रस्तुत नहीं किया जाने से व्यय में पारदर्शिता नहीं होती है। दिनांक 31 मार्च 2019 की स्थिति में लंबित डी.सी. देयकों का विवरण निम्नांनुसार है :

असमायोजित विस्तृत आकस्मिक (डी.सी.) देयक का विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बकाया डी.सी. देयको की संख्या	राशि
2017–18	40	115.08
2018–19	248	69.57
योग	**288**	**184.65**

मुख्य विभाग जिन्होंने डी.सी. देयक जमा नहीं किये हैं : सहकारिता : ₹ 170.36 करोड़ (92.27 *प्रतिशत*), उद्योग : ₹ 4.89 करोड़ (2.65 *प्रतिशत*), ग्रामोद्योग ₹ 5.95 करोड़ (3.22 *प्रतिशत*), सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण : ₹ 1.32 करोड़ (0.71 *प्रतिशत*)।

(vi) राज्य शासन द्वारा स्वीकृत सहायता अनुदान के विरूद्ध लम्बित उपयोगिता प्रमाण–पत्र : छत्तीसगढ़ राज्य वित्तीय संहिता भाग–1 के नियम 182 के अनुसार, वार्षिक एवं अनावर्ती सशर्त अनुदान का उपयोगिता प्रमाण–पत्र विभागीय अधिकारियों जिनके हस्ताक्षर अथवा प्रतिहस्ताक्षर से अनुदान देयक आहरित हुआ है द्वारा जिस वर्ष से अनुदान संबंधित है उसके पश्यवर्ती वर्ष में 30 सितम्बर अथवा पहले महालेखाकार को प्रेषित किया जाना चाहिए। दिनांक 31 मार्च 2019 को ₹ 7,019.33 करोड़ से संबंधित 534 उपयोगिता प्रमाण–पत्र लम्बित है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

लंबित उपयोगिता प्रमाण–पत्र का विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	अपेक्षित उपयोगिता प्रमाण–पत्रं की संख्या	राशि
2016–17 तक	46	68.70
2017–18	231	2,299.44
2018–19*	257	4,651.19
योग	**534**	**7,019.33**

* सिवाय इसके जहॉं स्वीकृति आदेश में अन्यथा न दिया गया हो, वर्ष 2018–19 में आहरित अनुदान से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र वर्ष 2019–20 में देय होगे।

विभाग जिन्होंने वर्ष 2017–18 तक से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किए है : नगरीय प्रशासन : ₹ 1,199.43 करोड़ (50.65 *प्रतिशत*), पंचायत एवं ग्रामीण विकास : ₹ 909.09 करोड़ (38.39 *प्रतिशत*), आवास एवं पर्यावरण ₹ 119.58 करोड़ (5.05 *प्रतिशत*), कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार : ₹ 54.06 करोड़ (2.28 *प्रतिशत*), कृषि विभाग : ₹ 35.57 करोड़ (1.50 *प्रतिशत*) तथा इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी : ₹ 25.82 करोड़ (1.09 *प्रतिशत*)।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

(vii) बिना सलाह के नवीन उप शीर्ष/विस्तृत शीर्ष का आरंभ किया जाना : वर्ष 2018–19 की अवधि में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) से सलाह लिये बिना जो कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 150 एवं छत्तीसगढ़ वित्तीय संहिता–भाग–1 के अनुच्छेद 303 के प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित है, बजट में 41 नवीन उपशीर्ष (34 राजस्व अनुभाग, 05 पूंजीगत अनुभाग एवं 01 दोनो राजस्व एवं पूंजीगत के अन्तर्गत) आरंभ किए गए। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2018–19 में इन शीर्षो में बजट प्रदान किया गया तथा राजस्व अनुभाग में ₹ 4,112.71 करोड़ एवं पूंजीगत अनुभाग में ₹ 4.99 करोड़ का व्यय किया गया।

(viii) व्यक्तिगत् निक्षेप खाते (पी.डी. खाता) में राशि का स्थानांतरण : राज्य कोषालय संहिता के सहायक नियम 543 के अनुसार राज्य शासन व्यक्तिगत जमा लेखे (जो कि लोक लेखे के भाग है) आंरभ करने के लिए अधिकृत है, जिनमें समेकित निधि से राशि आहरित कर (व्यय शीर्ष को नामे कर) विशिष्ट उद्देश्य के उपयोग में की जाती है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व व्यक्तिगत जमा लेखे की अप्रयुक्त राशि को समेकित निधि में वापस स्थानांतरित की जानी चाहिए। राज्य शासन द्वारा मार्च 2019 की अवधि में ₹ 0.50 करोड़ विभिन्न मुख्य शीर्षो से आहरित किये गये एवं व्यक्तिगत निक्षेप खातो में जमा किये गये, जिनका विवरण **अनुलग्नक–(ड)** में दर्शाया गया है। वित्तीय वर्ष के अंत में इस प्रकार का स्थानांतरण बजट प्रावधानो को व्यपगत होने से बचाव की ओर इंगित करता है। 31 मार्च 2019 की स्थिति में व्यक्तिगत जमा लेखे का विवरण निम्नानुसार है :

व्यक्तिगत् निक्षेप खातों की जानकारी

(₹ करोड़ में)

प्रारंभिक शेष		वर्ष में वृद्धि/प्राप्तियॉं		वर्ष के दौरान बंद किये गये/वितरण		अंतशेष	
संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
263	1,757.00	02	508.61*	34	374.51*	231**	1,891.10

* वर्ष के दौरान प्राप्तियॉं तथा संवितरण सम्मिलित है।

** व्यक्तिगत निक्षेप खाते की कुल संख्या 231 में से 20 खाते में कुल शेष ₹ 3.47 करोड़ दिनांक 31.03.2019 तक निष्क्रिय रहा।

(i) वर्ष 2018–19 के दौरान कुल ₹ 508.61 करोड़ की राशि प्राप्त हुई तथा ₹ 374.51 करोड़ कुल 113 व्यक्तिगत निक्षेष खातों में संवितरित किये गये। कुल निवल जमा ₹ 134.10 करोड़ था।

(ii) 1 से 3 वर्षों के मध्य व्यय नहीं की गई राशि : ₹ 126.18 करोड।

(iii) 3 वर्षों से अधिक समय तक व्यय न की गई राशि : ₹ 1,630.82 करोड।

3. <u>अन्य मदें</u> :

(i) राज्य शासन के ऑफ बजट दायित्व : ₹ 66,749.51 करोड़ के बजट के दायित्व के अतिरिक्त राज्य शासन का विभिन्न वित्तीय संस्थानों के प्रति ऑफ बजट दायित्व है, जिसका विवरण निम्नांकित है :

(क) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित (सी.एस.पी.डी.सी.एल.) : ''कृषक जीवन ज्योति योजना'' के दो उप योजनाओं 'एकल बत्ती कनेक्शन हेतु अनुदान' तथा ''5 अश्वशक्ति के कृषक पम्पों को निःशुल्क विद्युत प्रदान करने हेतु अनुदान'' के अन्तर्गत बी.पी.एल. उपभोक्ताओं को निःशुल्क विद्युत उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ शासन का सी.एस.पी.डी.सी.एल. के प्रति ₹ 1,955.00 करोड़ का दायित्व था। इस दायित्व को मुक्त करने के क्रम में, छत्तीसगढ़ शासन ने सी.एस.पी.डी.सी.एल. को वर्ष 2016–17 (5 वर्ष के लिए वैध) में विभिन्न वित्तीय संस्थानों से ₹ 1,955.00 करोड़ का ऋण प्राप्त करने हेतु प्रत्याभूति इस शर्त पर प्रदान की, कि इस ऋण के मूलधन एवं ब्याज के पुनर्भुगतान का दायित्व राज्य शासन का होगा। प्रथमतः ऋण के देय मूलधन एवं ब्याज का पुनर्भुगतान सी.एस.पी.डी.सी.एल. द्वारा वित्तीय संस्थानों को किया जायेगा तथा राज्य शासन इसका भुगतान सी.एस.पी.डी.सी. एल. को करेगा। राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के प्रावधान के साथ ₹ 1,955.00 करोड़ के गारंटी के विरूद्ध देय मुलधन एवं ब्याज का प्रावधान किया जाता है। वर्ष 2018–19 के दौरान उपरोक्त दोनो योजनाओं के अन्तर्गत राज्य शासन ने क्रमशः ₹ 363.14 करोड़ एवं ₹ 2,975.68 करोड़ का प्रावधान किया तथा सी.एस.पी.डी.सी.

एल. को क्रमशः ₹ 363.14 करोड़ एवं ₹ 1,645.31 करोड़ विमुक्त किया। इन योजनाओं से संबंधित संस्वीकृति आदेशों में आर्थिक सहायता हेतु विमुक्त राशि एवं ₹ 1,955.00 करोड़ का ऋण के मुलधन का पुनर्भुगतान एवं ब्याज हेतु विमुक्त राशि पृथक रूप से दशाई नहीं जाती है। परिणामस्वरूप वर्ष 2018–19 के दौरान राज्य शासन द्वारा सी.एस.पी.डी.सी.एल. को भुगतान किये गये मूलधन/ब्याज राशि का निर्धारण नहीं किया जा सका है। इसके अतिरिक्त, मार्च 2019 तक सी.एस.पी.डी.सी.एल. ने वित्तीय संस्थानों को ₹ 559.38 करोड़ के मूलधन एवं ₹ 404.10 करोड़ के ब्याज का पुनर्भुगतान किया।

(ख) छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल (सी.एच.बी.) : शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु 6,424 आवासीय भवनों के निर्माण के लिए वर्ष 2017–18 के दौरान छत्तीसगढ़ शासन ने सी.एच.बी. को कैनरा बैंक से ₹ 800.00 करोड़ के ऋण प्राप्त करने के लिए प्रत्याभूति (वर्ष 2031 तक वैध) प्रदान किया। इस संबंध में आवास एवं पर्यावरण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के मध्य दिनांक 14 जुलाई 2017 को समझौता हुआ। समझौते के अनुसार, उक्त कार्य हेतु प्राप्त किये गये ऋण के ब्याज एवं किश्त का भुगतान आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा सी.एच.बी. को वास्तविक आधार पर करेगा। वर्ष 2018–19 के दौरान, सी.एच.बी. ने ₹ 401.64 करोड़ का ऋण प्राप्त किया तथा ₹ 33.61 करोड़ के ब्याज का भुगतान किया जिसके विरूद्ध सी.एच.बी. को कोई भी राशि राज्य शासन द्वारा भुगतान नहीं किया गया। सी.एच.बी. ने 31 मार्च 2019 तक कुल ऋण राशि ₹ 562.66 करोड़ प्राप्त किया (31 मार्च 2018 तक का ₹ 161.02 करोड़ सम्मिलित) एवं कुल ₹ 36.20 करोड़ (31 मार्च 2018 तक का ₹ 2.59 करोड़ सम्मिलित) का ब्याज का भुगतान किया।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2018–19 के दौरान, राज्य शासन ने सी.एच.बी. से ₹ 216.64 करोड़ की लागत पर 728 फ्लैट इस शर्त क्रय किया कि सी.एच.बी. उक्त राशि के ऋण प्राप्त करेगा एवं राज्य शासन सी.एच.बी. को 15 वर्ष में ऋण का पुनर्भुगतान करेगा। सितम्बर 2018 में राज्य शासन ने सी.एच.बी. को इलाहाबाद बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु ₹ 195.00 करोड़ की प्रतिभूति जारी की। सी.एच.बी. ने वर्ष 2018–19 के दौरान संपूर्ण ऋण प्राप्त की तथा ₹ 6.29 करोड़ का ब्याज भुगतान किया जिसके विरूद्ध राज्य शासन ने सी.एच.बी. को कोई राशि प्रदान नहीं की।

उक्त दोनों प्रकरणों में 31 मार्च 2019 की स्थिति में राज्य शासन का कुल दायित्व मूलधन के लिए ₹ 757.66 करोड़ (31 मार्च 2018 तक का ₹ 161.02 करोड़ सम्मिलित) एवं ब्याज हेतु ₹ 42.49 करोड़ (31 मार्च 2018 तक का ₹ 2.59 करोड़ सम्मिलित) है।

(ग) छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन मर्यादित (सी.पी.एच.सी.एल.) : पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु 10,000 आवासीय भवनों के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने सी.पी.एच.सी.एल. को दो वित्तीय संस्थानों यथा, इलाहाबाद बैंक (₹ 400.00 करोड़) तथा कैनरा बैंक (₹ 400.00 करोड़) से कुल ₹ 800.00 करोड़ का ऋण प्राप्त करने के लिए जून/जुलाई 2017 में प्रत्याभूति (वर्ष 2027 तक वैध) प्रदान की। वर्ष 2018–19 के दौरान, सी.पी.एच.सी.एल. ने ₹ 204.71 करोड़ का ऋण प्राप्त किया एवं ₹ 22.53 करोड़ का ब्याज का भुगतान किया जिसके विरूद्ध राज्य शासन द्वारा सी.पी.एच.सी.एल. को ₹ 23.60 करोड़ ब्याज के रूप में भुगतान किया गया।

31 मार्च 2019 की स्थिति में राज्य शासन का मूलधन हेतु कुल दायित्व ₹ 374.86 करोड़ (31 मार्च 2018 तक का ₹ 170.15 करोड़ सम्मिलित) है।

(ii) सेवानिवृत्ति हितलाभों का दायित्व :

1 नवम्बर 2004 को या पश्चात नियुक्त कर्मचारी : 1 नवम्बर 2004 को या पश्चात नियुक्त राज्य शासन के कर्मचारी नवीन ''परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना'' के पात्र है। योजना के दिशानिर्देशानुसार, कर्मचारी मूलवेतन एवं मंहगाई भत्ते का 10 *प्रतिशत* का अंशदान करता है एवं इसके समतुल्य राज्य शासन का अंशदान होता है। कर्मचारी अंशदान लोक लेखा के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष 8342–117 में जमा किया जाता है एवं तदोपरान्त नेशनल

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

सिक्युरिटीज् डिपाज़िटरी लिमिटेड़ (एन.एस.डी.एल.)/ट्रस्टी बैंक के माध्यम से मनोनीत निधि प्रबन्धक को स्थानांतरित किया जाता है। नियोक्ता अंशदान सीधे मुख्यशीर्ष 2071 को नामे कर एन.एस.डी.एल./ट्रस्टी बैंक को स्थानांतरित किया जाता है। वर्ष 2018–19 में कुल ₹ 760.25[4] करोड़ निधि में जमा हुए, जिसमें ₹ 757.01 करोड़ कर्मचारियों का अंशदान एवं ₹ 3.24 करोड़ जिला पंचायत, इत्यादि में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी तथा नियोक्ता अंशदान सम्मिलित है। वर्ष के दौरान निधि में जमा कुल राशि ₹ 760.25[5] करोड़ के विरूद्ध ₹ 757.09 करोड़ कर्मचारी अंशदान तथा ₹ 2.98 करोड़ प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी तथा नियोक्ता का अंशदान, कुल ₹ 760.07 करोड़ ट्रस्टी बैंक को स्थानांतरित किये गये है, परिणामस्वरूप ₹ 0.18 करोड़ कम स्थानांतरित हुए। इसके अतिरिक्त, ₹ 757.01 करोड़ के नियोक्ता अंशदान के विरूद्ध, राज्य शासन द्वारा ₹ 757.00 करोड़ का अंशदान किया गया, परिणामस्वरूप ₹ 0.01 करोड़ कम अंशदान हुआ। 31 मार्च 2019 को लेखाशीर्ष 8342–117 के अन्तर्गत ₹ 22.41 करोड़ शेष रहा। वित्त लेखे में दर्शाये गये इस शीर्ष के अंतशेष ₹ 22.41 करोड तथा राज्य शासन के द्वारा सूचित अवशेष ₹ 17.14 करोड के मध्य का अंतर पुनर्मिलान के अधीन है। असंग्रहित, असंगत एवं अस्थानांतरित राशियों मय अर्जित ब्याज इस योजना में बकाया दायित्व दर्शाती है।

(iii) कर्ज एवं अग्रिम : राज्य शासन, विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों, सांविधिक निगमों, स्थानीय निकायों इत्यादि तथा सरकारी कर्मचारियों को ऋण एवं अग्रिम स्वीकृत करती है। 31 मार्च 2019 को, राज्य शासन के द्वारा प्रदत्त ₹ 1,597.75[6] करोड़ के ऋण अवशेष है जिसमें से ₹ 683.57 करोड़ (42.78 *प्रतिशत*) संचित ब्याज ₹ 56.85 करोड़ सहित बकाया है। कुल बकाया ऋण राशि में दिनांक 31.10.2000 से पूर्व समय में पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया ₹ 40.52 करोड़ के ऋण सम्मिलित है जिसे छत्तीसगढ़ शासन को 1 नवम्बर 2000 को प्रभाजित किये गये थे तथा दिनांक 31.03.2019 तक कोई भी पुनर्भुगतान नहीं हुआ है। इन ऋणों के अपलेखन के संबंध में राज्य शासन का निर्णय (सितम्बर 2019 तक) अपेक्षित है। इन ऋण का विस्तृत विवरण **अनुलग्नक–(च)** में दर्शाया गया है। ऋण एवं अग्रिम जिनका लेखा राज्य शासन के विभागों द्वारा रखा जाता है, के दिनांक 31 मार्च 2019 की स्थिति में अतिदेय मूलधन एवं ब्याज का विस्तृत जानकारी अपेक्षित है। परिणामतः छत्तीसगढ़ शासन के ऋण एवं अग्रिम दर्शाने वाले आस्तियों की स्थिति की पुष्टि नहीं की जा सकती है। वित्त लेखे में दर्शाये गये ऋण एवं अग्रिम के आंकड़े ₹ 380.46 करोड़ तथा राज्य शासन के संस्थाओं द्वारा सूचित ₹ 151.65 करोड़ के मध्य अंतर पुनर्मिलान के अधीन है। विवरण निम्नानुसार है :

ऋण के अंतर का विवरण

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	कंपनी का नाम	वित्त लेखे के अनुसार आंकड़े	कंपनी के लेखे के अनुसार आंकड़े
1	छत्तीसगढ़ राज्य पावर वितरण कम्पनी मर्यादित	380.46	85.63
2	छत्तीसगढ़ राज्य पावर उत्पादन कम्पनी मर्यादित		50.33
3	छत्तीसगढ़ राज्य पावर पारेषण कम्पनी मर्यादित		15.69
	योग	**380.46[7]**	**151.65**

(iv) राज्य शासन के निवेश : विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो, सांविधिक निगमों, ग्रामीण बैकों, सरकारी कम्पनियों, संयुक्त पूंजी कम्पनियों, सहकारी संस्थाओं तथा स्थानीय निकायों में किये गये शासकीय निवेशों की जानकारी

---

[4] कुल जमा राशि ₹ 765.82 करोड़ है जिसमें वर्ष 2018–19 के ₹ 760.25 करोड़ का कर्मचारी अंशदान एवं वर्ष 2006–07 से 2017–18 के दौरान मुख्यशीर्ष 8342–120 में त्रुटिपूर्ण रूप से जमा कर्मचारी अंशदान राशि ₹ 5.57 करोड़ सम्मिलित है।

[5] इस निधि में कुल डेबिट (नामे) राशि ₹ 785.94 करोड़ है जिसमें वर्ष 2018–19 के ₹ 760.07 करोड़ का कर्मचारी अंशदान, वर्ष 2017–18 में मुख्यशीर्ष 8342–120 में त्रुटिपूर्ण रूप से नामे ₹ 25.52 करोड़ की कर्मचारी अंशदान एवं न्यायिक अधिकारियों के छठवे वेतन आयोग के एरियर की वापसी राशि ₹ 0.35 करोड़ सम्मिलित है।

[6] वर्ष 2018–19 में छत्तीसगढ़ को प्रभाजित ₹ 345.36 करोड़ सम्मिलित है।

[7] वर्ष 2018–19 में छत्तीसगढ़ को प्रभाजित ₹ 271.74 करोड़ सम्मिलित है।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 8 एवं 19 में दर्शायी गयी है। वर्ष के अंत तक शासन द्वारा 1,591 संस्थाओं में ₹ 7,268.04[8] करोड़ निवेश किया गया। वित्त लेखे में दशाये गये निवेश के आंकड़े (₹ 52.99 करोड़) तथा राज्य शासन के संस्थाओं द्वारा सूचित आंकड़े (₹ 28.25 करोड़) के मध्य विसंगति पुनर्मिलान के अधीन है। विवरण निम्नानुसार है :–

निवेश के अंतर का विवरण

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	कंपनी का नाम	वित्त लेखे के अनुसार आंकड़े	कंपनी के लेखे के अनुसार आंकड़े
1	छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम	45.37[9]	1.60
2	छत्तीसगढ़ वन विकास निगम	7.62[10]	26.65
	योग	**52.99**	**28.25**

(v) उचंत एवं प्रेषण शेष : वित्त लेखे में उचन्त एवं प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत निवल शेष प्रतिबिंबित होते है जिसकी जानकारी वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 21 (खण्ड–II) में दर्शाया गया है। इन शीर्षों के बकाया शेषो की गणना विभिन्न शीर्षों के अधीन पृथक से नामें एवं जमा शेषों को जोड़कर की जाती है। मुख्य उचंत एवं प्रेषण शीर्षो के विगत तीन वर्षो से संबंधित सकल एवं निवल आंकड़ो की जानकारी **अनुलग्नक (छ)** में दर्शायी गई है।

(vi) प्रत्याभूतियॉं : राज्य शासन द्वारा, सरकारी कम्पनियों, संविधिक निगमों, स्थानीय निकायों द्वारा वित्तीय संस्थाओं से लिये गये कर्जो हेतु प्रत्याभूती दी जाती है। ये प्रत्याभूतियॉं, शासन के समेकित निधि पर आकस्मिक दायित्व है। वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 9 एवं 20 में दर्शाये गये प्रत्याभूतियॉं राज्य शासन से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 293 के अधीन विधायिका द्वारा बनाया गया छत्तीसगढ़ राज्य सरकार प्रत्याभूति नियम, 2003 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्याभूति की सीमा किसी एक वित्तीय वर्ष के लिए गत वित्तीय वर्ष के महालेखाकार के पुस्तको में दर्शाये गये राज्य के राजस्व आय का 70 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होना चाहिए। मार्च 2019 के अंत में कुल लंबित प्रत्याभूति ₹ 10,769.42 करोड थी जो कि राज्य के राजस्व आय यथा ₹ 26,235.10 करोड़[11] का 41.05 *प्रतिशत* थी। वर्ष के दौरान किसी भी प्रत्याभूति को उन्मुक्त नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के आदेश क्रमांक 28/2002 दिनांक 22 मई 2002 के अनुसार दी गई प्रत्याभूतियों पर 0.5 *प्रतिशत* की दर से प्रत्याभूति शुल्क लिया जाना चाहिए जब तक विशिष्ट रूप से छूट प्रदान नहीं की गई हो। वर्ष 2018–19 के दौरान प्राप्त होने वाले ₹ 41.11 करोड़ प्रत्याभूति शुल्क के विरूद्ध ₹ 5.00 करोड़ प्राप्त कर राज्य शासन के लेखे में जमा किया गया। वित्त लेखे में दर्शाये गये छत्तीसगढ़ राज्य निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम को प्रदत्त प्रत्याभूति के आंकड़े ₹ 71.31 करोड़ तथा निगम द्वारा सूचित आंकड़े ₹ 36.00 करोड़ के मध्य विसंगति पुनर्मिलान के अधीन है।

(vii) विभिन्न क्रियान्वयन अभिकरणों को निधि का स्थानांतरण : राज्य शासन द्वारा राज्य/जिला स्तरीय स्वायत निकायों एवं प्राधिकरणों, समितियों, अशासकीय संगठनों इत्यादि को केन्द्र योजनाओं, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं तथा राज्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अनुदान के रूप में निधि उपलब्ध कराई जाती है। क्रियान्वयन अभिकरणो द्वारा संबंधित वित्तीय वर्ष में निधि का पूर्णरूप से उपयोग नहीं की जाती है, इन क्रियान्वयन अभिकरणों के बैंक खाते में पर्याप्त अव्ययित शेष रह जाते है। क्रियान्वयन अभिकरणों के खातो में अव्ययित शेष राशि जो की शासकीय लेखो के बाहर (बैंक खातो में) रखी जाती है सहज अभिनिश्चित नहीं होती है। अतः लेखो में दर्शाए गए सरकारी व्यय उस सीमा तक अंतिम नहीं होता है।

---

[8] वर्ष 2018–19 के दौरान छत्तीसगढ़ को प्रभाजित ₹ 223.59 करोड़ सम्मिलित है।

[9] वर्ष 2018–19 के दौरान छत्तीसगढ़ को प्रभाजित ₹ 34.27 करोड़ सम्मिलित है।

[10] वर्ष 2018–19 के दौरान छत्तीसगढ़ को प्रभाजित ₹ 1.08 करोड़ सम्मिलित है।

[11] राज्य के राजस्व प्राप्ति में राज्य के स्वयं के कर राजस्व एवं करेतर राजस्व सम्मिलित है। वर्ष 2017–18 के दौरान राज्य के स्वयं के कर राजस्व ₹ 19,894.68 करोड़ एवं करेतर राजस्व ₹ 6,340.42 करोड़ था।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉ–जारी

(viii) आरक्षित निधियॉ :

आरक्षित निधियों की जानकारी वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 21 एवं 22 में उपलब्ध है। विशिष्ट उद्देश्यों हेतु 16 आरक्षित निधियां है जिसमें से 12 निधियां क्रियाशील है एवं चार निधियां 2000–2001 से 2018–19 की अवधि में अक्रियाशील रहीं। 31 मार्च 2019 के अंत तक इन निधियों में कुल ₹ 3,840.85 करोड़ (₹ 3,821.86 करोड़ क्रियाशील निधियों में एवं ₹ 18.99 करोड़ अक्रियाशील निधियों में) शेष रहा, जिसमें से ₹ 2,185.31 करोड़ (56.90 *प्रतिशत*) निवेश किया गया।

1. क्रियाशील आरक्षित निधियां :–

(क) ब्याज वाली आरक्षित निधियॉ :

(i) राज्य आपदा उन्मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ) : चौदहवें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार भारत सरकार, गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 30 जुलाई 2015 के द्वारा राज्य आपदा उन्मोचन निधि की गठन एवं प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश जारी किया गया। इस निधि के दिशा निर्देशो के अनुसार, केन्द्र एवं राज्य शासन को 75:25 के अनुपातानुसार निधि में अंशदान करना आवश्यक है। सितम्बर 2018 में भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा 01 अप्रैल 2018 से इस निधि में केन्द्र शासन का अंशदान को 75 *प्रतिशत* से वृद्धि कर 90 *प्रतिशत* किये जाने का निर्णय किया।

वर्ष 2018–19 में राज्य शासन द्वारा ₹ 320.81 करोड़ (₹ 224.47 करोड़ के केन्द्रांश, ₹ 47.03 करोड़ राज्यांश एवं राष्ट्रीय आपदा उन्मोचन निधि से वर्ष 2017–18 में प्राप्त ₹ 49.31 करोड़) निधि को स्थानांतरित किया गया। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार से दिसम्बर 2018 में प्राप्त किये गये राज्य आपदा उन्मोचन निधि के सहायता अनुदान की कुल राशि ₹ 125.10 करोड़ तथा संबंधित राज्यांश ₹ 13.90 करोड़ को इस निधि को स्थानांतरित नहीं किया गया। इस निधि के शेष में से मुख्यशीर्ष 2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत के अन्तर्गत प्रथमतः किये गये ₹ 133.53 करोड़ के व्यय को प्रतिपूरित किया गया एवं दिनांक 31 मार्च 2019 को निधि में ₹ 400.70 करोड़ का शेष रखा गया।

